# शम्भू के विवाह का मजा लीजिए भजन लिरिक्स

शम्भू के विवाह का मजा लीजिए,
शिव के दीदार का मजा लीजिए।bd।

तर्ज – थोड़ा इंतजार का।

---

सर्पों का हार पहने,
भस्मी लगी अंग में,
बनके बाराती चले,
भुत प्रेत संग में,
शिव के श्रृंगार का मजा लीजिए,
शिव के दीदार का मजा लीजिए।bd।

---

माथे पे चंद्र सोहे,
भंग की उमंग है,
मृगछाला तन पे सोहे,
जटा बिच गंग है,
डमरू के नाद का मजा लीजिए,
शिव के दीदार का मजा लीजिए।bd।

---

त्रिशूल धारी की,
बरछा सवारी है,
देवगण बाराती संग में,
भीड़ बहुत भारी है,
नंदी की चाल का मजा लीजिए,
शिव के दीदार का मजा लीजिए।bd।

---

शम्भू के विवाह का मजा लीजिए,
शिव के दीदार का मजा लीजिए।bd।

स्वर – चंदन शर्मा।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com